कक्षा-6 हिंदी प्रथम भाषा

अपने चाचा जी को जन्मदिन पर भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद देते हुए पत्र लिखें।

467, मयूर विहार
तरनतारन ।
11 अक्टूबर ,2020

आदरणीय चाचा जी,

सादर प्रणाम ।

मुझे कल ही आपके द्‍वारा भेजा गया पार्सल व बधाई कार्ड मिला। कार्ड पर आशीर्वाद देते हुए जो आपने सुंदर पंक्तियाँ लिखीं थीं, वे सचमुच प्रेरणादायक थीं । चाचा जी , मेरे जन्मदिन पर आपके द्‍वारा भेजी गई कलाई घड़ी के लिए मैं आपका बहुत धन्यवाद करता हूँ। वास्तव में, मुझे कई उपहार मिले, लेकिन आपका उपहार सबसे अच्छा था। सभी ने इसे सराहा ।

निस्संदेह यह घड़ी मुझे नियमित बना देगी। कलाई पर बंधी यह घड़ी हमेशा मुझे आपके प्यार की याद दिलाती रहेगी।

चाची जी को मेरा प्रणाम कहना और सोनू को मेरा प्यार देना।

आपका भतीजा,
धनंजय

डॉ.सुनील बहल

एम.ए.(संस्कृत,हिंदी),एम.एड.,पीएच.डी (हिंदी)